

# घर से भागी बेटी की परिवार ने निकाली अर्थी

**शहर के मुख्य मार्गों से अर्थी निकाल जलायी चिता**





**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 19 दिसम्बर, शहर में शुक्रवार एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने लोगों को भावुक कर दिया. यहां एक परिवार ने घर से चली गई अपनी बेटी का प्रतीकात्मक रूप से अंतिम संस्कार कर दिया. मामला शहर की चुना बाली गली का है, जहां रहने वाले कुशवाह परिवार ने अपनी 23 वर्षीय बेटी के फैसले से आहत होकर यह कदम उठाया.**

जानकारी के मुताबिक, कुशवाह परिवार की बेटी कविता कुशवाहा कुछ दिन पहले घर से चली गई थी. परिजनों ने पहले आसपास और रिश्तेदारी में उसकी काफी तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला, तो बाद में जानकारी सामने आई कि वह एक युवक के साथ घर छोड़कर गई है. इस खबर से पूरा परिवार सदमे में आ गया. दुख और पीड़ा में डूबे परिजनों ने कविता का आटे से पुतला बनाया, अर्थी सजाई और शहर में प्रतीकात्मक रूप से उसकी अंतिम यात्रा निकाली. इसके बाद शमशान घाट पहुंचकर विधि-विधान से उसका प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार किया गया. इस दौरान परिवार के कई रिश्तेदार भी मौजूद रहे. भाई राजेश कुशवाहा ने बताया कि हमने बहन को बहुत लाड़-प्यार से पाला, उसकी हर इच्छा पूरी की.उसे अच्छे से पढ़ाया-लिखाया, उससे हमें बहुत उम्मीदें थीं. लेकिन वह हम सबको छोड़कर चली गई.आज हमने बेटी नहीं, अपने अरमानों की अर्थी निकाली है. परिवार का कहना है कि इस फैसले ने उन्हें भीतर तक तोड़ दिया है और वे गहरे मानसिक आघात में हैं. पिता रामबाबू कुशवाहा ने बताया कि बेटी के इस फैसले से मैं पूरी तरह टूट गया हूं.यह मेरे जीवन का सबसे दुखद क्षण है.

# पागल कुत्तों का कहर, दर्जनों लोग घायल

**खास बातें**

- रेबीज संक्रमित कुत्ते को सड़क किनारे फेंकने पर उठे सवाल
- ग्राम पंचायत आनंदपुर पर लापरवाही का आरोप



**नवभारत न्यूज**

**आनंदपुर 19 दिसम्बर, ग्राम पंचायत आनंदपुर में पागल कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है. जानकारी के अनुसार पगला कुत्तों द्वारा अब तक दर्जनों लोगों को काटकर घायल किया जा चुका है. घायलों में मोनू शर्मा, सुनील सेन, पप्पू कुशवाह और लालू शर्मा शामिल हैं, जिनका उपचार श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के नजदीकी अस्पताल में किया गया.**

घटनाओं से आक्रोशित ग्रामीणों ने पागल कुत्ते को मार दिया, लेकिन इसके बाद ग्राम पंचायत के कर्मचारियों द्वारा रेबीज वायरस से संक्रमित कुत्ते को सड़क किनारे फेंक दिया गया, जिससे ग्रामीणों में और अधिक भय का माहौल बन गया.इस संबंध में पशु चिकित्सक ने स्पष्ट रूप से बताया कि रेबीज वायरस से संक्रमित किसी भी पशु को खुले में फेंकना गंभीर लापरवाही है. ऐसा करने से संक्रमण फैलने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है. नियमों के अनुसार ऐसे पशु को गड्ढा खोदकर जमीन में सुरक्षित तरीके से दफनाया जाना चाहिए, ताकि संक्रमण का कोई खतरा न रहे.वहीं आनंदपुर के सराफा व्यापारी धर्मेंद्र जैन ने भी ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि रेबीज जैसी लाइलाज और घातक बीमारी से बचाव के लिए संक्रमित कुत्ते को सड़क किनारे फेंकना अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना है.इसे नियमानुसार गड्ढा खोदकर दफनाया जाना चाहिए था.ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत की लापरवाही के चलते रेबीज वायरस से संक्रमित कुत्ते को दफनाया नहीं गया, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है.ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसे गंभीर मामलों में पूरी सावधानी बरती जाये.

# मुखर्जी नगर में चोरी को अंजाम देने वाला धराया

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को मुखर्जी नगर में विगत दिनों पहले हुई एक चोरी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से करीब दो लाख रुपए का सामान जप्त किया है। सीएसपी अतुल सिंह ने बताय कि 17 दिसंबर को फरियादिया शर्मिला कटारा निवासी मुखर्जी नगर मैं थाने में शिकायत करते हुए बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा उनके किराए के मकान के ताले तोड़कर दिनांक 12 दिसम्बर की रात्रि में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सीएसपी ने बताया कि जिन आरोपितो को गिरफ्तार किया गया है.उनमें अफजल अली पिता महबूब अली उम्र 32 वर्ष निवासी टावर वाली गली,नारियल खेड़ा भोपाल,अतिउल्लाह उर्फ आशु पिता रफीउल्लाह उम्र 30 वर्ष निवासी माली खेड़ी, चोपड़ा कला, भोपाल शामिल है. उनके पास से चोरी किए गए सामान जिसमें एक सोने की चेन, एक मंगलसूत्र का पैंडल,एक सोने की अंगूठी, नग चांदी की पायल कुल दो लाख रुपए कीमत है.



# नशे की सौदागर युवती सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

**ब्राउन शुगर, गंजा, देसी कट्टा, कारतूस , 5 मोटरसाइकिल व 52000 नगदी बरामद**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा** , गंजबासौदा शहर में नशे के कारोबार और अवैध हथियारों की मिल रही शिकायतों पर पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है। पुलिस ने एक महिला सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार कर ब्राउन शुगर, गंजा ,देसी कट्टा ,कारतूस , पांच मोटरसाइकिल 52000 नगर सहित 20 लाख रुपए का मसरूफ बरामद किया है एसपी रोहित काशवानी ने एसपी कार्यालय में उक्त जानकारी दी ।पुलिस ने नशे और अवैध हथियारों के नेटवर्क पर प्रहार करते हुए जसवंत, सानू, शिवा, लकी, चंद्र मोहन और अंबिका को हिरासत में लिया है तलाशी के दौरान उनके पास से मादक पदार्थों और अवैध हथियारों के साथ ही कुछ आभूषण और 52000 नगद कुल 20 लाख का मसरूक बरामद किया गया है पुलिस अब इन आभूषणों की वैज्ञानिक जांच करा रही है ताकि उनकी असल धातु और स्रोतों का पता चल सके.

# जैन संतों की सुरक्षा के लिए राज्य सरकारें तलब

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,पिछले कुछ समय से जैन संतों के साथ हो रही सड़क दुघर्टनाए एंव हाल ही में बिहार एंव मप्र राज्यों जैन साधुओ पर हुए हमले को लेकर विनोद के शाह ने एक याचिका राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में दर्ज की है.**



याचिका को स्वीकारते हुए एनएचआरसी के सदस्य प्रिंयक कानूनगो वाली पीठ ने सात राज्यों राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़,उप्र एंव बिहार राज्यों के मुख्य सचिव एंव महानिदेशक पुलिस को इन राज्यों से जैन संतों की सुरक्षा में चूक एंव बंदोबस्त के सम्बन्ध में चार सप्ताह में रिपोर्ट सौंपने को कहा है. अखिल भारतीय जैन परिषद के जिला संयोजक विनोद के शाह ने अपनी याचिका में कहा है कि जैन साधु - साध्वी पैदल यात्रा करते हैं. पिछले कुछ वर्षों में सड़क दुघर्टनाओ में बहुत अधिक इजाफा हुआ है. राजस्थान एंव गुजरात में इन दुर्घटनाओ के पीछे कुछ असामाजिक संगठनो की लिप्तता भी सामने आई है. मप्र के नीमच एंव बिहार के राष्ट्रीय राजमार्ग पर जैन साधुओ के साथ मारपीट एंव बदसलूकी की घटनाएं भी घटित हुई है. अपनी याचिका में उन्होंने मांग रखी है कि जैन साधु-संतों के यात्रा गमन मार्ग में नजदीक पुलिस स्टेशन से दो-एक का पुलिस बल उपलब्ध कराने एंव जहां जैन बस्ती नहीं वहां रात्रिकालीन सुरक्षित विश्राम बंदोबस्त करने के लिए राज्य सरकारों एंव स्थानीय प्रशासन को निर्देशित करने की मांग रखी है.

# 9 माह पहले परिवार से बिछड़े बालक के परिजनों को आरक्षक ने तलाश लिया

**बाल कल्याण समिति विदिशा ने किया परिवार में पुनर्वास**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**10 वर्ष का बालक जो मानसिक रूप से दिव्यांग है और अपने बारे में कुछ भी बताने में असमर्थ है जिसके बारे में 1 मार्च 2025 को थाना गंज बासौदा से सूचना प्राप्त हुई की वह ग्राम विष्कावली गंजबासौदा में दो दिवस से अकेला घूमता दिखाई दे रहा है इसको बासौदा शहर द्वारा रेस्क्यू किया गया एवं दिनांक 2 2025 को चाइल्ड लाइन पर सूचना दी गई. बालक को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया. बाल कल्याण समिति विदिशा द्वारा बालक से बात की गई बालक वहां भी कुछ भी बता पाने में असमर्थ रहा जिसके बाद बालक के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बालक को स्पेशल केयर मे अस्थाई रूप से रखने हेतु बाल कल्याण समिति विदिशा द्वारा आदेशित किया गया था. जहां पर बालक को विदिशा द्वारा रखा गया था। बहुत लंबे समय से बालक के परिजनों को खोजने के लगातार प्रयास किए जा रहे थे परंतु कोई भी सफल परिणाम न मिलने के उपरांत बालक के परिजनों को ढूंढने हेतु बाल कल्याण समिति विदिशा ने महिला आरक्षक ममता सिंह चौहान को के बारे में जानकारी दी गई.जिसके बाद महिला आरक्षक द्वारा बालक के परिजनों को 15 दिसंबर की शाम के 7.30 बजे तक उसके परिजनों को खोज लिया गया एवं उनसे बातचीत कर बालक को लेने के लिए 19 दिसंबर को पाबंद किया गया. बालक के परिजन बाल कल्याण समिति विदिशा आए और अपने 9 माह से गुम बालक को प्राप्त कर भावुक हो गए.

# बासौदा नाका क्षेत्र में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** शहर में अतिक्रमण विरोधी मुहिम के अंतर्गत मुख्य नपाधिकारी रामप्रकाश साहू के निर्देशन में नगरपालिका द्वारा बासौदा नाका क्षेत्र से अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई. नगर पालिका अमले की इस कार्यवाही से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप की स्थिति दिखाई दी. इस दौरान नपा के अतिक्रमण विरोधी अमले ने जेसीबी आदि के माध्यम से अतिक्रमण को हटाया. नगर पालिका अमले द्वारा शुक्रवार को बासौदा नाका क्षेत्र में की गई इस कार्यवाही के दौरान कई अतिक्रमणकारी अपने अतिक्रमणों को हटाते दिखाई दिए. इस दौरान



मुख्य सड़क के किनारे लगे ठेले, गुमठीयों को हटाया गया. जबकि लिंक रोड पर मुख्य सड़क पर रखें एक ठेकेदार के बिल्डिंग मटेरियल सामान को भी हटाने की कार्यवाही की गई. इस दौरान दुकानदारों को सार्वजनिक रास्ते व शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न करने की समझाईश दी गई. व अतिक्रमण करते पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई. इस कार्यवाही के दौरान नपा का अतिक्रमण विरोधी अमला मौजूद रहा.

# बिहार के सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा ,बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ एक महिला डॉक्टर के हिजाब को हटाने के प्रयास को लेकर झूलनपीर पर जिला मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया. ज्ञापन में मुख्यमंत्री पर सार्वजनिक रूप से महिला के हिजाब के साथ हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है, जिसे धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन बताया गया है. मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष मुआज मेहमूद कामिल ने है कि भारी जनसमूह के सामने महिला के हिजाब को छूने और उसे हटाने का प्रयास किया.**

मुख्यमंत्री के इस कृत्य को असंवैधानिक और अपमानजनक बताते हुए इसे धार्मिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन बताया साथ ही कहा है हिजाब मुस्लिम महिलाओं की धार्मिक आस्था और निजता का अभिन्न अंग है. कामिल ने कहा कि एक मुख्यमंत्री से संविधान के रक्षक होने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन इस आचरण ने समाज में असुरक्षा और अपमान की भावना पैदा की है.ज्ञापन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सार्वजनिक रूप से माफ़ी की अपेक्षा सुनिश्चित कि जाये. ताकि यह स्पष्ट संदेश जाए की महिला सम्मान और धार्मिक आस्था सर्वोपरि है. ज्ञापन में मेहमूद कामिल,सलीम पटेल, हसीन पठान,आसिफ़ ,वसीम शैख़,शोएब ख़ान,हाफिज सलमान,मोहम्मद रिजवान,मुबीन आसिफ़ ख़ान सहित अनेकों लोग मौजूद रहे.



# ब्लॉक एवं उपब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्षमल्लिकार्जुन खड़गे राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के मार्गदर्शन एवं सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा के जिला प्रभारी प्रभु सिंह ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की अनुशंसा पर जिले के विभिन्न ब्लॉकों एवं उपब्लॉकों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है. यह नियुक्तियां संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त, अनुशासित एवं सक्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कदम हैं. विदिशा नगर अध्यक्ष रवि साहू, विदिशा ग्रामीण उमराव सिंह कुशवाह अटरिया खेड़ा उपब्लॉक महेंद्र रघुवंशी, करारिया धर्मेन्द्र सिंह जादौन, ठर्र सुरेन्द्र सिंह दांगी, गुलाबगंज राजीव दांगी, कुरवाई ग्रामीण उमेश तिवारी, कुरवाई शहर मोहम्मद जफर, पठारी रघु ठाकुर, मेहलुआ चौराहा रणधीर सिंह दांगी, पथरिया मोहम्मद शकील, बमोरी शाला सचिन शर्मा, उदयपुर विनीता सहरिया, अब्बासनगर अभिषेक गुर्जर, सिरोंज ग्रामीण सुरेश यादव, सिरोंज शहर सैफ गढ़ी, लटेरी यदुवीर सिंह बघेल, लटेरी शहर गुलाब अहिरवार, आनंदपुर नवीन कोरिल्या, देवपुर अर्जुन राजपूत, शमशाबाद ग्रामीण सोनू यादव, नटेरन शरद शर्मा, शमशाबाद शहर सरोज रत्नाकर आदि को बनाया गया.

# सिरोंज के 14 खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रदर्शन

**सागर में होगी राज्यस्तरीय सब जूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता**

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** मध्यप्रदेश ताइक्कांडो संघ के तत्वाधान में जिला ताइक्कांडो संघ सागर द्वारा आयोजित 37 वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सब जूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता 19 दिसंबर से 21 दिसंबर 2025 तक सागर में आयोजित की जावेगी. जिसमें विदिशा जिले की टीम में आदर्श ताइक्कांडो क्लब के कुल 14 खिलाड़ी शामिल होकर इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. उक्त जानकारी देते हुए आदर्श ताइक्कांडो क्लब के ताइक्कांडो प्रशिक्षक सरदार सिंह कुशवाह ने बताया कि यह प्रतियोगिता 5 से 11 वर्ष के उम्र तक के खिलाड़ियों के लिए आयोजित की जावेगी. जिसमें 6 बालक, 8 बालिकाएं, 3 ऑफिशियल एवं 1 मैच रेफरी कुल 18 सदस्य शामिल होंगे. जिसमें बालक वर्ग में वेद व्यास, कार्तिक प्रभाकर, रामानुजन कृष्ण यादव, दिव्यांश पटेल, काव्यांश पाटिल एवं अक्षांश दांगी शामिल है. जबकि बालिका वर्ग में जैस्मिन असेहा, अवनी रघुवंशी, आदविका भावसार, वेदांशी जैन, त्रिशा पचौरी, तेजस्विनी कुशवाह, मितिशा शर्मा एवं कनिष्का पालीवाल शामिल है. उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को जनवरी माह के दूसरे सप्ताह में दिल्ली में आयोजित होने वाली 41वीं राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की टीम से खेलने का मौका मिलेगा. टीम कोच सरदार सिंह कुशवाह, टीम मैनेजर निधि साहू, टीम सहयोगी विधि कुशवाह तथा प्रतियोगिता में मैच रेफरी की भूमिका विशाल कुशवाह निभाएंगे. इस दौरान प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सिरोंज से खिलाड़ी रवाना हुए. इस दौरान बस स्टैंड पर खिलाड़ियों के परिजन, मित्र एवं नागरिक उपस्थित रहे. उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. बधाई देने वालों में प्रशांत पालीवाल, मुकेश रघुवंशी, मयंक व्यास, अश्विनी असेहा, अरविंद दांगी, पंकज पचौरी, सचिन शर्मा, सुनील प्रभाकर, रीना जैन, विभा यादव आदि शामिल हैं.



# बैठक में धर्मशाला निर्माण पर हुई चर्चा

**नवभारत न्यूज**

सिरोंज, बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर श्री लवकुश जानकी माता सेवा समिति की बैठक कुशवाह समाज मंदिर परिसर में हुई. जिसमें क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे. बैठक में धर्मशाला निर्माण और समिति के विस्तार पर चर्चा हुई. इस दौरान दानदाताओं ने राशि दान की. बैठक में समाज की एकता, नशामुक्ति और मृत्यु भोज बंद करने पर समाज में जागरूकता पर चर्चा हुई. जिसमें अशोकनगर, मुंगावली, नटेरन, आरोन, शमशाबाद, कुरवाई, सिरोंज से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे. श्री लवकुश जानकी माता मन्दिर समिति अध्यक्ष घनश्याम कुशवाह के कार्यों की सराहना की. इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश कुशवाह, बुंदेल सिंह कुशवाह, मुन्ना लाल कुशवाह, मुंशी लाल कुशवाह आदि मौजूद रहे.

# जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद का वार्षिक स्नेह सम्मेलन आज

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष पंडित दीपक तिवारी ने बताया कि आज 20 दिसंबर शनिवार को समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन रविंद्र नाथ टैगोर संस्कृतिक भवन ऑडिटोरियम में किया जाएगा.सम्मेलन में मुख्य अतिथि भोपाल हुजूर के विधायक पं.रामेश्वर शर्मा तथा अध्यक्षता पूर्व सांसद पं. प्रताप भानु जी शर्मा करेंगे.अन्य अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक पं शशांक भार्गव,पं. श्याम सुंदर शर्मा,पं.राकेश शर्मा,पं. मनोज कटारे आदि रहेंगे.उक्त सम्मेलन में कक्षा 8 वी,10वी,12वी में 2024-25 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक आने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा.

**प्रशिक्षण** | **स्मिता जिला स्तरीय गर्ल्स किक बॉक्सिंग लीग टूर्नामेंट का आयोजन**

# बालिकाओं को बताए आत्मरक्षा के टिप्स

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** भारत सरकार एवं खेल मंत्रालय द्वारा पूरे देश में खेलों इंडिया के अंतर्गत बाकों इण्डिया किक बॉक्सिंग के तत्वाधान में 108 अस्मिता जिला स्तरीय गर्ल्स किक बॉक्सिंग लीग टूर्नामेंट का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश के लिए अधिकृत आशुतोष दधची, मध्य प्रदेश महासचिव किक बाक्सिंग अभिषेक सिंह राठौर सीनियर नेशनल रेफरी, सचिन सक्सेना नेशनल रेफरी, उज्वल तिवारी, संतोष राठौर एंव टीम, एपी सी जेण्डर विनीता शर्मा जनशिक्षा केन्द्र विदिशा के नेत्तव में खेल परिसर




जिला खेल स्टेडियम विदिशा में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई . प्रतियोगिता में जिलें के कुरवाई, उदयपुर, बागरी, झुकरजोगी, लटेरी, मुगल सराय, सिरोज, आमखेडा सूखा, अटारी खेजडा कन्या शाला शेरपुरा जिला विदिशा के शसकीय बालिका छात्रावास एंव शसकीय विद्यालय की 205 छात्राओं ने भाग लिया. प्रतियोगिता समस्त छात्राओं को मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत विदिशा डिस्ट्रक्ट करातें एवं किक बावसिंग एसोसिएशन विदिशा के मुख्य कोच महेन्द्र पासी द्वारा गत् वर्ष में प्रशिक्षण प्रदान कर आत्म रक्षा केलिए आत्म निर्भर बनाया गया है। उक्त प्रतियोगिता में समस्त छात्राओं ने पूरी मेंहनत एवं टेक्निक का उपयोग करतें हुए प्रतियोगिता में कला का प्रदर्शन किया. जिसमें वेट केडगरिरी एंव उम्र के हिसाब से अलग-अलग केडर बनाये गये थे। प्रत्येक केडर में लगभग 15-20 प्रतिभागियों ने हिस्ता लिया। सभी केंडर चयनित प्रथम एवं द्वितीय एव तृतीय स्थान प्रतिभागियो ने प्राप्त किये. प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि रूप में विधायक मुकेश टंडन के समक्ष अतिम किक बाक्सिंग फाईट का आयोजन किया गया। आयोजन के बाद विधायक के द्वारा सभी छात्राओं को संम्बोधित किया एंव खेल जगत में प्रतिभा स्थापित करनें पर शुभकामनायें प्रदान की।उक्त प्रतियोगिता में सौरभ कुचबंदिया, राहुल पंथी फैजल खान, राजा, बलवीर राठौर, गुंजन सक्सेना, मंगल बुंदेला रंजीत दांगी द्वारा सहयोग प्रदान किया.

# 42 स्व सहायता समूहों को 1 करोड़ का ऋण वितरण

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, सिरोंज द्वारा आजीविका भवन परिसर में बैंक लिंकेज शिविर एवं वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम शुक्रवार को मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित महिला स्व सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया. बैंक लिंकेज शिविर के तहत कुल 42 स्व सहायता समूहों की महिलाओं को लगभग 1 करोड़ 2 लाख रुपये की ऋण राशि का वितरण किया गया. इस योजना के माध्यम से कुछ समूहों को प्रति समूह लगभग डेढ़ लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई, वहीं कुछ सक्षम समूहों को 5 से 6 लाख रुपये तक का ऋण स्वीकृत किया गया. इस राशि का उपयोग महिलाएं स्वरोजगार, छोटे व्यवसाय, कृषि आधारित गतिविधियों एवं अन्य आयवर्धक कार्यों में करेंगी. कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आशीष अग्रवाल उपस्थित रहे. उनके साथ मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक मनोज बघेल, जिला प्रबंधक आजीविका मिशन मोहर सिंह भदोरिया, विकासखंड प्रबंधक सत्येंद्र श्रीवास्तव, सहायक प्रबंधक प्रकाश बाबू मीणा एवं मुकेश रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्व सहायता समूहों की महिलाएं भी मौजूद रही.

